# समाचार

## फिल्टर प्लांट के कार्य में तेजी लाकर समयसीमा में कार्य पूर्ण करें–महापौर

## (महापौर एवं नगर विधायक ने किया जलउपचार संयंत्र के कार्यो का निरीक्षण)



कोरबा 04 अप्रैल 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा है कि कोहड़िया स्थित निर्माणाधीन जलउपचार संयंत्र के निर्माण कार्य में आवश्यक तेजी लाकर निर्माण कार्य को समयसीमा में पूरा करें, ताकि इसका समय पर लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जा सका। उन्होने वहां पर चल रहे अन्य निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया तथा कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोरबा पेयजल आवर्धन योजना के अंतर्गत कोहड़िया स्थित पुराने फिल्टर प्लांट के समीप 12 एम.एल.डी. की क्षमता वाले नये जल उपचार संयंत्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर है। 03 अप्रैल रविवार को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ स्थल का दौरा कर चल रहे निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनीता राठौर, पार्षद मनकराम साहू एवं कार्यपालन अभियंता आर.के. माहेश्वरी उपस्थित थे। यहां उल्लेखनीय है कि 12 एम.एल.डी. के नये फिल्टर प्लांट के तहत क्लोरिफाकूलेटर, क्लीयर वाटर सम, एरिएशन फिल्टर एवं प्लांट से संबंधित अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री अग्रवाल ने फिल्टर प्लांट के निर्माण हेतु किए जा रहे कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने निगम के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. माहेश्वरी एवं निर्माण एजेसी के प्रतिनिधि को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किए जा रहे निर्माण कार्यो में आवश्यक रूप से तेजी लाए, साथ ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा करें, ताकि इसके तहत की जाने वाली जल आपूर्ति का लाभ जनता को समय पर उपलब्ध कराया जा सके। यहां उल्लेखनीय है कि कोरबा पेयजल आवर्धन योजना के तहत किए जा रहे इन कार्यो के पूरा हो जाने के पश्चात निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 42 तक के सम्पूर्ण 42 वार्डो में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। इस योजना के अंतर्गत जलउपचार संयंत्र के नजदीक 17नग कर्मचारी आवासगृहों के

निर्माण का कार्य भी कराया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री अग्रवाल ने कर्मचारी आवासगृहों के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो में आवश्यक गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्य को समय पर पूरा करें ताकि इन आवासगृहों का लाभ निगम कर्मियों को उपलब्ध कराया जा सके।